संपादकीय

## तमिलनाडु विधानसभा का जरूरी प्रस्ताव

तमिलनाडु से लेकर केरल और झारखंड तक कई ऐसे मामले देखने को मिले, जब राज्यपालों ने समय सीमा तय नहीं होने के प्रावधान का इस्तेमाल कर सरकार की सिफारिशें या विधानसभा से पारित विधेयक रोके रखे। तमिलनाडु विधानसभा ने एक प्रस्ताव पास किया है, जो राज्यपालों के कामकाज को देखते हुए बेहद जरूरी प्रतीत हो रहा है। राज्य की विधानसभा ने प्रस्ताव पास करके केंद्र सरकार से अपील की है कि वह विधानसभा से पास किए गए विधेयकों को राज्यपाल से मंजूरी मिलने की एक समय सीमा तय करने का कानून बनाए। इस कानून की जरूरत इसलिए है क्योंकि कई राज्यों में यह देखने को मिला है कि विधानसभा से पास किए गए विधेयक महीनों तक राजभवन में लंबित रहते हैं। सरकार की ओर से भेजे गए प्रस्ताव पर महीनों या बरसों तक राज्यपाल फैसला नहीं करते हैं। इससे सरकार का कामकाज प्रभावित होता है। इस तरह की घटनाएं आमतौर पर गैर भाजपा दलों के शासन वाले राज्यों में हो रही हैं। तमिलनाडु में पिछले दिनों राज्यपाल ने ऑनलाइन गैम्बलिंग को रोकने वाले विधेयक को मंजूरी दी। उससे पहले यह विधेयक 131 दिन यानी चार महीने से ज्यादा समय तक राज्यपाल के यहां लंबित रहा था। ऐसी स्थिति से बचने के लिए तमिलनाडु विधानसभा ने प्रस्ताव पास किया है।

संविधान का अनुच्छेद 163 राज्यपाल को स्वविवेक से फैसला करने का अधिकार देता है। इसी के तहत विधानसभा से पास करके भेजे गए किसी विधेयक को मंजूरी देने का मामला भी आता है। यह राज्यपाल के स्वविवेक पर निर्भर करता है और संविधान में ऐसी कोई समय सीमा तय नहीं की गई है कि राज्यपाल कितने समय के भीतर विधेयक को मंजूर करके या बिना मंजूर किए वापस लौटाएंगे। संविधान की इस अस्पष्टता का फायदा उठा कर कई राज्यपाल विधानसभा से पास किए गए विधेयकों को अनिश्चितकाल तक रोके रखते हैं। इससे राज्य सरकारों के कामकाज पर असर होता है।

तमिलनाडु से लेकर केरल और झारखंड तक कई ऐसे मामले देखने को मिले, जब राज्यपालों ने समय सीमा तय नहीं होने के प्रावधान का इस्तेमाल कर सरकार की सिफारिशें या विधानसभा से पारित विधेयक रोके रखे। झारखंड के मुख्यमंत्री की विधानसभा से अयोग्यता के मसले पर चुनाव आयोग ने पिछले साल अगस्त में अपनी रिपोर्ट राज्यपाल को भेजी थी, जिसे राज्यपाल ने अभी तक सार्वजनिक नहीं किया है। इसी तरह महाराष्ट्र में तत्कालीन उद्धव ठाकरे सरकार की ओर से विधान परिषद में नामित करने के लिए 12 नामों की सिफारिश राज्यपाल से की गई थी लेकिन एक साल से ज्यादा समय तक राज्यपाल ने उन नामों को मंजूरी नहीं दी। इससे राज्य सरकार और राज्यपाल के बीच टकराव बढ़ता है। ऐसी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए राज्यपालों की मंजूरी की समय सीमा तय होनी चाहिए।

## किशन, सूर्यकुमार ने दिलाई मुंबई को जीत



**मुंबई।** खराब फॉर्म से गुजर रहे ईशान किशन (25 गेंद, 58 रन) और सूर्यकुमार यादव (25 गेंद, 43 रन) की आतिशी पारियों से मुंबई इंडियन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाईट राइडर्स (केकेआर) को पांच विकेट से मात दी।

केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए वेंकटेश अय्यर (51 गेंद, 104 रन) के विस्फोटक शतक की बदौलत 20 ओवर में 185 रन बनाये, हालांकि अन्य बल्लेबाजों की नाकामी के कारण उनका यह सैकड़ा काम न आया और मुंबई ने 17.4 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

सलामी बल्लेबाज किशन ने 25 गेंद पर पांच चौकों और पांच छक्कों की मदद से 58 रन बनाये, जबकि रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में कप्तानी कर रहे सूर्यकुमार यादव ने 25 गेंद पर चार चौकों और तीन छक्कों के साथ 43 रन की पारी खेली।

मुंबई इस समय अंक तालिका में दो जीत और दो हार के साथ आठवें स्थान पर है, जबकि केकेआर पांच मैचों में दो जीत और तीन हार के साथ पांचवें पायदान पर है।

मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज नारायण जगदीशन को शून्य रन पर आउट कर दिया, लेकिन अय्यर पहली ही गेंद से आक्रामक नजर आये। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज़ (12 गेंद, आठ रन) और कप्तान नीतीश राणा (10 गेंद, पांच रन) दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके, लेकिन अय्यर ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए केकेआर को पावरप्ले में 57 रन तक पहुंचाया।

लगातार गिरते विकेटों के बीच केकेआर को साझेदारी की जरूरत थी जो शार्दुल ठाकुर और अय्यर के बीच देखने को मिली। अय्यर ने 23वीं गेंद पर चौका जडक़र अपना अर्द्धशतक पूरा किया और इसके बाद ठाकुर के साथ चौथे विकेट के लिये 50 रन जोड़े। ठाकुर ने पवेलियन लौटने से पहले 11 गेंद पर 13 रन बनाये।

केकेआर 14 ओवर में 135/4 का स्कोर खड़ा करके 200 रन की ओर अग्रसर थी लेकिन मुंबई के गेंदबाजों ने अंतिम ओवरों में बेहतरीन गेंदबाजी की। ऋतिक शौकीन के 15वें ओवर में मात्र पांच रन बने, जबकि पीयूष चावला ने 16वें ओवर में छह रन दिये। जैनसेन के 17वें ओवर में नौ रन बने लेकिन राइली मेरेडिथ ने 18वें ओवर में महज़ पांच रन देकर अय्यर का बड़ा विकेट चटका लिया। अय्यर ने 51 गेंद पर छह चौकों और नौ छक्कों की मदद से 104 रन बनाये। इसी के साथ वह ब्रेंडन मैकुलम (2008) के बाद केकेआर के लिये शतक जडऩे वाले पहले बल्लेबाज भी बन गये।

रिंकु सिंह आउट होने से पहले 18 गेंद पर 18 रन ही बना सके, जिसके बाद आंद्रे रसेल (11 गेंद, नाबाद 21 रन) ने केकेआर को 20 ओवर में 185/6 के स्कोर तक पहुंचाया।

## बीसीसीआई ने घरेलू आयोजनों की इनामी राशि बढ़ाई




**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पुरुषों और महिलाओं के सीनियर घरेलू टूर्नामेंटों के लिये पुरस्कार राशि में भारी बढ़ोतरी की घोषणा की।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बताया कि पुरुषों की पुरस्कार राशि में जहां 60 प्रतिशत से 300 प्रतिशत के बीच बढ़ोतरी हुई है, वहीं महिलाओं के दो आयोजनों में 700 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी देखी गयी है।

रणजी ट्रॉफी चैंपियन टीम की इनामी राशि दो करोड़ रुपये से बचाकर पांच करोड़ रुपये कर दी गयी है, जबकि हारने वाली फ़ाइनलिस्ट और सेमीफ़ाइनलिस्ट टीमों को क्रमश: तीन करोड़ (पहले एक करोड़) और एक करोड़ (पहले 50 लाख) रुपये दिये जायेंगे।

घरेलू एकदिवसीय टूर्नामेंट विजय हज़ारे ट्रॉफी की इनामी राशि को 30 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ कर दिया गया है, जबकि उपविजेता को 15 लाख के बजाय 50 लाख रुपये दिये जायेंगे। घरेलू टी20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी की इनामी राशि में सबसे बड़ी बढ़ोतरी देखने को मिली है जहां विजेता को 80 लाख (पहले 25 लाख) और उपविजेता को 40 लाख (पहले 10 लाख) रुपये से पुरस्कृत किया जायेगा।

महिला सीनियर वनडे और टी20 ट्रॉफी चैंपियन और उपविजेता आखिरकार एक महत्वपूर्ण पुरस्कार राशि अर्जित करना शुरू कर देंगी। नतीजतन, महिला एकदिवसीय चैंपियन टीम रुपये 50 लाख (पहले छह लाख) कमाएगी जबकि टी20 चैंपियन टीम को 40 लाख (पहले पांच लाख) रुपये का इनाम दिया जाएगा।

## भारत का अमेरिका के साथ कारोबार आठ प्रतिशत बढ़ा, चीन के साथ 1.5 प्रतिशत गिरा



**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2022-23 में लगभग आठ प्रतिशत बढक़र 128.55 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2021-22 में यह 119.5 अरब डॉलर था। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, यह देखते हुए कि 2020-21 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार केवल 80.51 अरब डॉलर था, यह वृद्धि महत्वपूर्ण है।

भारत से अमेरिका में निर्यात 2022-23 में 2.81 प्रतिशत बढक़र 78.31 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2021-22 में यह 76.18 अरब डॉलर था। वहीं आयात लगभग 16 प्रतिशत बढक़र 50.24 अरब डॉलर हो गया। अमेरिका के विपरीत चीन के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार 2022-23 में 1.5 फीसदी गिरकर 114 अरब डॉलर रह गया जबकि 2021-22 में यह 115 अरब डॉलर था। चीन को निर्यात 2022-23 में 28 प्रतिशत गिरकर 15.32 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2021-22 में आयात चार प्रतिशत बढक़र 98.51 अरब डॉलर रहा था।

## सैमसन-हेटमायर ने रॉयल्स को दिलाई रोमांचक जीत



**अहमदाबाद।** कप्तान संजू सैमसन (32 गेंद, 60 रन) और शिमरन हेटमायर (26 गेंद, नाबाद 56 रन) के आतिशी अर्द्धशतकों की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रोमांचकारी मुकाबले में गुजरात टाइटन्स को तीन विकेट से शिकस्त दी।

गुजरात ने पहले बल्लेबाजी रॉयल्स के सामने 178 रन का लक्ष्य रखा, जिसे रॉयल्स ने चार गेंद रहते हुए हासिल कर लिया।

कप्तान सैमसन ने 32 गेंद पर तीन चौके और छह छक्के लगाकर 61 रन बनाये, हालांकि उनके आउट होने के बाद भी रॉयल्स को पांच ओवर में 64 रन की दरकार थी। हेटमायर ने यहां से 26 गेंद पर 56 रन की पारी खेलकर गलाकाट प्रतियोगिता में रॉयल्स की जीत सुनिश्चित की।

इस सांस रोक देने वाले मुकाबले के अंतिम दो ओवरों में रॉयल्स को 23 रन की ज़रूरत थी। मोहम्मद शमी ने 19वें ओवर में 16 रन दिये, लेकिन ध्रुव जुरेल और रविचंद्रन अश्विन के महत्वपूर्ण विकेट भी निकाले। रॉयल्स को आखिरी ओवर में सात रन की जरूरत थी और हार्दिक पांड्या ने हेटमायर को रोकने के लिये गेंद नवागंतुक स्पिनर नूर अहमद को दी। हेटमायर को हालांकि इससे कोई फर्क नहीं पड़ा और उन्होंने ओवर की दूसरी गेंद पर विजयी छक्का जड़ दिया।

रॉयल्स पांच मैचों में चार जीत और एक हार के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है, जबकि गुजरात तीन जीत और दो हार के साथ तीसरे स्थान पर है।

## कंपनियों के तिमाही नतीजे का बाजार पर रहेगा असर



**मुंबई।** वैश्विक बाजार की तेजी से स्थानीय स्तर पर हुई लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह करीब एक प्रतिशत चढ़े शेयर बाजार पर अगले सप्ताह वैश्विक रुख के साथ ही कंपनियों के समाप्त वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही के परिणाम का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 548.03 अंक अर्थात 0.92 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 60431 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 228.85 अंक यानी 1.3 प्रतिशत की तेजी लेकर 17828 अंक पर रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप 369.51 अंक की बढ़त लेकर 24720.57 अंक और स्मॉलकैप 424.24 अंक चढक़र 28149.58 अंक पर पहुंच गया।

विश्लेषकों के अनुसार, बीते कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन दोनों मानक सूचकांकों ने लगातार नौ दिनों की बढ़त दर्ज की और अंत में उच्च स्तर पर पहुंच गया। अक्टूबर 2020 के बाद से 30 महीनों में सूचकांकों ने सबसे लंबा लाभ दर्ज किया। बाजार सात सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जो 21 फरवरी 2023 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर समाप्त हुआ। सूचकांकों में तेजी का प्रमुख कारण अमेरिकी डॉलर और इसने उभरते बाजारों में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की खरीददारी रुचि को बढ़ावा दिया है।

स्थानीय स्तर पर मार्च में उपभोक्ता मूल्य आधारित खुदरा मुद्रास्फीति (सीपीआई) फरवरी के 6.44 प्रतिशत से गिरकर 15 महीने के निचले स्तर 5.66 प्रतिशत पर आ गई। मुख्य रूप से बिजली, खनन और विनिर्माण क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन के कारण जनवरी में 5.2 प्रतिशत की तुलना में फरवरी में देश का औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) मामूली बढक़र 5.6 प्रतिशत हो गया। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने वित्तीय वर्ष 2024 के लिए भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का विकास अनुमान 20 आधार अंक घटाकर 5.9 प्रतिशत कर दिया है।

## 330 रुपए का सब्सक्रिप्शन लें और एलन मस्क से पूछें कोई भी सवाल, ट्विटर चीफ खुद देंगे जवाब



**नई दिल्ली।** ट्विटर पर सुपर फॉलो फीचर को सब्सक्रिप्शंस के तौर पर पेश किया गया है। इस फीचर की खास बात ये है कि आप आप ट्विटर के चीफ एलन मस्क से कोई भी सवाल पूछ सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक मस्क ने जानकारी दी कि खास कंटेंट प्रोवाइड कराने के लिए यूजर्स अब फॉलोवर्स से चार्ज वूसल सकते हैं। इससे ट्विटर यूजर्स को कमाई करने का बेहतरीन मौका मिलेगा। वहीं, मंथली चार्ज के साथ एलन मस्क आपके हर सवाल का जवाब देंगे।

यूजर्स लंबे टेक्स्ट, लंबी वीडियो जैसे एक्सक्लूसिव कंटेंट के लिए फॉलोवर्स से चार्ज वसूल सकते हैं। वहीं, सब्सक्राइबर्स को अलग बैज का बेनिफिट मिलेगा। मस्क ने खुद का सब्सक्रिप्शंस भी शुरू किया है। अगर आप इसे सब्सक्राइब करते हैं तो 4 डॉलर (लगभग 330 रुपए) प्रति महीना देकर मस्क से सवाल पूछ सकते हैं।

अरबपति बिजनेसमैन ने जानकारी दी कि अगले 12 महीने तक यूजर्स के सब्सक्रिप्शंस प्लान से कंपनी चार्ज नहीं काटेगी। हालांकि, आईओएस और एंड्रायड के लिए एप्पल और गूगल 30 फीसदी चार्ज वसूलेंगे। वहीं, गूगल ने मस्क के दावे को गलत बताया है। गूगल ने कहा कि पिछले साल गूगल प्ले पर सभी सब्सक्रिप्शंस के लिए सर्विस फीस 30 फीसदी से घटकर 15 फीसदी हो गई है।

## आज का राशिफल

***मेष :*** मन की बात कहने से शांति मिलेगी। वाहन खरीदने का मन सार्थक होगा। खर्चों में इजाफा होगा लेकिन साथ ही आमदनी में हुई बढ़ोतरी इसको संतुलित कर देगी। मन में किसी निर्णय को लेकर दुविधा रहेगी। माता-पिता से जरूरी वार्तालाप होगा।

***वृष :*** धन प्राप्ति के स्रोत स्थापित होने के योग हैं। किसी विशेष वस्तु की प्राप्ति के लिए धैर्य एवं संयम बना रहेगा। आज आप काफी पैसे बना सकते हैं- लेकिन इसे अपने हाथों से फिसलने न दें। स्वास्थ्य के प्रति सावधानी रखें।

***मिथुन :*** आज आपके प्रयासों से आजीविका में परिवर्तन अथवा नवीन अवसर प्राप्त हो सकेंगे। नए रोमांचक हालात आपको आर्थिक फायदा पहुँचाएंगे। जोखिम के कार्यों से दूर रहना चाहिए। शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलेगी।

***कर्क :*** निजी जीवन में सुख-समृद्धि बढ़ेगी। आकस्मिक लाभ होने के योग बन रहे हैं। अपने काम करने के तरीकों को बदलें नहीं तो भाइयों से विवाद होंगे। दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। आपको कोई सरप्राइज़ मिल सकता है। सत्कर्म में रुचि रहेगी।

***सिंह :*** आजीविका के नए साधन मिलेंगे। वाणी पर संयम रखें। आर्थिक तौर पर बेहतरी के चलते आपके लिए जरूरी चीजें खरीदना आसान होगा। यात्रा संभव है। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। मान सम्मान में बढोतरी होगी।

***कन्या :*** आजीविका में नए प्रस्ताव मिलेंगे। जो आप के लिए शुभ रहेंगे। मित्रों में वर्चस्व बढ़ेगा। साहस, पराक्रम में वृद्धि संभव है। व्यापार में नए प्रस्तावों से लाभ की संभावना बनती है। अनाज, तेल, पोहा और किराना व्यापारियों के लिए समय उतार चढ़ाव वाला है।

***तुला :*** दिन उपयुक्त है। आज के दिन शुरू किया गया निर्माण का कार्य संतोषजनक रूप से पूरा होगा। किसी विशेष कार्य के होने से ईश्वर पर आस्था बढ़ेगी। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। पूर्व में किए कार्यों के शुभ परिणाम देखने को मिलेंगे।

***वृश्चिक :*** अपनी आदतों से जीवनसाथी से तालमेल स्थापित नहीं हो सकेगा। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति के योग बन रहे हैं। प्रसन्नता व आशाजनक वातावरण के कारण प्रयास सार्थक होंगे।

***धनु :*** रोजगार योग प्रबल हैं । वाहन सुख मिलेगा। आर्थिक निवेश में सावधानी रखें। आपको अपना अतिरिक्त समय अपने शौक पूरे करने या उन कामों को करने में लगाना चाहिए, जिन्हें करने में आपको सबसे ज्यादा मजा आता है।

***मकर :*** व्यापार-व्यवसाय उत्तम रहेगा। निजी समस्या का समाधान होगा। आज के दिन आप ऊर्जा से लबरेज रहेंगे और मुमकिन है कि अचानक अनदेखा मुनाफा भी मिले। कुल मिलाकर फायदेमंद दिन है।

***कुंभ :*** कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह आप को महत्वपूर्ण पद दिलवा सकता है। सामाजिक दायरा बढेगा। आपकी शौहरत बढ़ेगी और आप आसानी से दूसरे लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करेंगे।

***मीन :*** रोजगार के योग हैं । आज वाणी पर नियंत्रण रखें। सकारात्मक विचारों के कारण प्रगति के योग बनेंगे। अगर आप विशेषज्ञ की सलाह के बिना निवेश करेंगे तो नुकसान मुमकिन है। कार्यपद्धति में बदलाव होगा। चुगलखोरों से सावधान रहें ।

## घमौरियों से राहत पाने के लिए अपनाएं ये 5 घरेलू नुस्खे



घमौरियों की समस्या तब होती है जब गर्मी के कारण अत्यधिक पसीना आता है, जिससे पसीने की ग्रंथियां बंद हो जाती हैं और पसीना त्वचा में फंस जाता है। चिकित्सकीय भाषा में इस स्थिति को मिलिअरिया कहते हैं। इस स्थिति से सभी उम्र के लोग प्रभावित होते हैं। इसके कारण त्वचा पर छोटे-छोटे लाल रंग के फुंसी जैसे दाने निकल जाते हैं, जिनसे चुभन होती है। आइए आज हम आपको घमौरियों से राहत दिलाने वाले 5 घरेलू नुस्खे बताते हैं।

### एलोवेरा का करें इस्तेमाल

एलोवेरा के एंटी-बैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक गुण घमौरियों से राहत दिलाने में सहायक हैं। यह सूजन को कम के साथ ही लालिमा को भी शांत करता है। एलोवेरा में हाइड्रेटिंग यौगिक भी होते हैं, जो त्वचा को डिहाइड्रेट होने से भी बचाते हैं। लाभ के लिए एलोवेरा जेल को प्रभावित हिस्से पर लगाएं और इसे 15 मिनट तक लगा रहने दें, फिर पानी से त्वचा को अच्छी तरह धो लें। एलोवेरा के ये 5 फेस पैक त्वचा के लिए फायदेमंद हैं।

### ओटमील स्नान करें

ओटमील त्वचा के लिए एक बेहतरीन एक्सफोलिएटर है और बंद पसीने की ग्रंथियों को ठीक करने में मदद कर सकता है। यह घमौरियों और उनके कारण होने वाली खुजली के साथ-साथ सूजी त्वचा से छुटकारा दिलाने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए ओटमील स्नान करें और इसे प्रभावित हिस्से पर धीरे से रगड़ें। अच्छे परिणामों के लिए हफ्ते में ऐसा 3 बार करें।

### बेसन का लेप लगाएं

बेसन त्वचा के लिए एक उत्तम क्लींजर है। यह रोमछिद्रों को बंद करने वाली गंदगी को साफ करने में मदद करता है और मृत त्वचा कोशिकाओं को एक्सफोलिएट करता है। यह घमौरियों की खुजली और चुभन से राहत दिलाने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए प्रभावित हिस्से पर बेसन को पानी में मिलाकर लगाएं। 15 मिनट के बाद त्वचा को ठंडे पानी से धो लें। बेदाग औप चमकदार त्वचा के लिए बेसन के ये फेस पैक लगाएं।

### मुल्तानी मिट्टी भी है प्रभावी

मुल्तानी मिट्टी बच्चों के साथ-साथ वयस्कों में घमौरियों को शांत करने में मदद करती है क्योंकि इसमें एनाल्जेसिक और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। लाभ के लिए मुल्तानी मिट्टी का गुलाब जल के साथ पेस्ट बनाएं और इसे प्रभावित हिस्से पर लगाएं। इसे 15 मिनट तक लगा रहने दें, फिर त्वचा को ठंडे पानी से अच्छी तरह धो लें। प्रभावी परिणामों के लिए इस पेस्ट को रोजाना लगाएं।

### तुलसी से मिलेगी राहत

तुलसी घमौरियों की चुभन, लालिमा और सूजन को कम करने वाले एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण प्रदर्शित करती है। लाभ के लिए तुलसी के कुछ पत्तों को पीसकर इसे शहद के साथ मिलाएं और घमौरियों पर लगाएं। इसके अतिरिक्त आप आलू के इस्तेमाल से भी घमौरियों से राहत पा सकते हैं। लाभ के लिए घमौरियों से प्रभावित हिस्से पर आलू का रस लगाएं, फिर 10-15 मिनट के बाद त्वचा को ठंडे पानी से धो लें।

## सूर्या के साथ बनी कंगुवा में दिशा पाटनी की जोड़ी, 10 भाषाओं में रिलीज होगी फिल्म




दक्षिण भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार सूर्या की हिंदी पट्टी में भी काफी लोकप्रियता है। सोरारई पोटरु और जय भीम जैसी फिल्मों के बाद से ही प्रशंसक उनकी अगली फिल्म के इंतजार में थे। पिछले कुछ समय से अभिनेता अपनी एक्शन फिल्म सूर्या 42 को लेकर चर्चा में थे, जिसमें उनके साथ दिशा पाटनी नजर आने वाली हैं। ऐसे में टीजर जारी कर सूर्या 42 के नाम कंगुवा के साथ 10 भाषाओं में इसकी रिलीज डेट का ऐलान हो गया है।

निर्माताओं ने फिल्म के नाम कंगुवा के साथ ही 2024 में इसकी रिलीज होनी की घोषणा भी कर दी है। फिल्म के नाम की घोषणा का यह 1 मिनट का टीजर काफी शानदार है, जिसमें सिर्फ ग्राफिक्स और बैकग्राउंड म्यूजिक का इस्तेमाल किया गया है। टीजर में पहाड़ी के कोने पर घोड़े पर सवार एक शख्स नजर आता है, जिसने मुखौटा पहन रखा है और उसके पीछे बड़ी सेना है, जिसे देख लग रहा है फिल्म एक्शन से भरपूर होगी।

## शब्द सामर्थ्य- 37

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 036 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

## सू-दोकू- 37

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.036 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |